मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-318
30/09/2024

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने दरभंगा एवं सीतामढ़ी जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया एरियल सर्वे

- **दरभंगा में क्षेत्रीय भ्रमण कर भी बाढ़ की स्थिति का लिया जायजा, जिला प्रशासन को दिये आवश्यक निर्देश।**

पटना, 30 सितंबर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के निर्देश पर आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत के नेतृत्व में अधिकारियों की एक टीम ने बाढ़ प्रभावित दरभंगा एवं सीतामढ़ी जिले का हवाई सर्वेक्षण किया। हवाई सर्वेक्षण के पश्चात् अधिकारियों की टीम ने दरभंगा के जिलाधिकारी एवं दरभंगा के वरीय पुलिस अधीक्षक के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर चलाये जाने का निर्देश दिया।

आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव ने कहा कि दरभंगा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोग तटबंध पर शरण लिये हुये हैं। वहां पर्याप्त रौशनी हेतु अविलंब जेनरेटर की व्यवस्था एवं अस्थायी शौचालय बनाने का निर्देश दिया गया है। बाढ़ पीड़ित लोगों के लिये यहां 19 कम्युनिटी किचेन आज रात तक चालू हो जायेगा, जहां भोजन की समुचित व्यवस्था होगी। तटबंध पर शरण लेने वाले लोग आसपास के ही है इसलिये उनके आवागमन हेतु नाव की सुविधा भी उपलब्ध करायी गयी है ताकि उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

अपर मुख्य सचिव आपदा प्रबंधन ने बताया कि ड्राई राशन का पैकेट बनना शुरू हो गया है और यह कल से बाढ़ पीड़ितों के बीच बंटना शुरू हो जायेगा। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में डॉक्टरों की टीम प्रतिनियुक्त कर दी गयी है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशु चारा की कमी न हो इसके लिये जिला पशुपालन पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने जिलाधिकारी दरभंगा को एस0ओ0पी0 के अनुसार तत्परतापूर्वक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। दरभंगा में बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के अध्यक्ष श्री शीर्षत कपिल अशोक एवं संयुक्त सचिव भवन निर्माण विभाग श्री आशुतोष को कैम्प कराया गया है।

दरभंगा में एरियल सर्वे करने के पश्चात् अपर मुख्य सचिव आपदा प्रबंधन श्री प्रत्यय अमृत ने सीतामढ़ी जिले के बाढ़ प्रभावित बेलसंड प्रखण्ड का भी एरियल सर्वे किया और अधिकारियों को तत्परतापूर्वक एस0ओ0पी0 के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिये। आपदा प्रबंधन विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री राहुल कुमार, भा0प्र0से0 को सीतामढ़ी में कैम्प कराया गया है।

******